## खबर संक्षेप

### समापन एवं सम्मान समारोह में राज्य मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के समापन एवं सम्मान समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत छहरी में आयोजित किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने बताया कि 19 मार्च 2026 वर्ष प्रतिपदा से प्रारंभ हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान की अवधि 30 जून 2026 को समाप्त हो रही है। राज्य शासन के निर्देशानुसार लखन पटेल पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। समापन एवं सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी होगा। सुश्री कौर ने आगे बताया कि जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों और अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने 30 जून को ग्राम पंचायत छहरी में आयोजित होने वाले गरिमामयी कार्यक्रम की तैयारियों एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने हेतु जनपद पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया है।

### छात्रवृत्ति से वंचित छात्रायें 4 जुलाई तक कर सकेंगी आवेदन

**कटनी।** मप्र के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र की छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने हेतु संचालित प्रतिभा किरण योजना के अंतर्गत विशेष अवसर प्रदान किया गया है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में छात्रवृत्ति से वंचित रह गई पात्र छात्राएं अब पुनः आवेदन कर सकती हैं। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, ऐसी सभी छात्राएं जो पूर्व में किसी कारणवश छात्रवृत्ति का लाभ नहीं ले सकीं, उनके लिए विशेष रूप से आवेदन प्रक्रिया पुनः प्रारंभ की गई है। आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 4 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक एवं पात्र छात्राएं निर्धारित समयावधि में स्कॉलरशिप पोर्टल 2.0 के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने छात्राओं से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए समय रहते आवेदन सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके।

### सड़क हादसे में दो युवक गंभी रूप से हुये घायल

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मित्तल मॉल के सामने मुख्य मार्ग पर तेज गति से आ रहे एक लापरवाह वाहन चालक ने दो युवकों को टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार वाहन चालक ने पहले जगदीश प्रसाद कुशवाहा 40 वर्ष की गाड़ी को जोरदार टक्कर मारी। इसके तुरंत बाद उसी अनियंत्रित वाहन ने आगे बढ़ रहे गुलाम शहजाद 32 वर्ष को भी टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### एनकेजे थाना परिसर में आयोजित समारोह में आईजी ने वितरित किए प्रमाणपत्र

# उपलब्धिः जिले के 13 थानों सहित 3 पुलिस कार्यालयों को मिला आईएसओ सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले के 13 पुलिस थानों तथा 3 पुलिस कार्यालयों को आईएसओ सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। यह उपलब्धि जिले की पुलिस व्यवस्था, बेहतर प्रशासनिक कार्यप्रणाली और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक मानी जा रही है। आईएसओ प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन एनकेजे थाना परिसर में किया गया। कार्यक्रम में एडीजी एवं आईजी जबलपुर जोन प्रमोद कुमार वर्मा तथा आईएसओ भोपाल की टीम के अधिकारियों की उपस्थिति में जिले के सभी 13 थानों के थाना प्रभारियों को आईएसओ सर्टिफिकेट वितरित किए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत आईजी प्रमोद कुमार वर्मा द्वारा आईएसओ अवार्डेड एनकेजे थाने का फीता काटकर लोकार्पण करने के साथ हुई। इसके पश्चात विधिवत कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में जबलपुर संभाग के पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद कुमार वर्मा उपस्थित रहे। मंच पर कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, वन मंडल अधिकारी गर्वित गंगवार, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसया, डीएसपी अजाक शिवा पाठक, एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी, एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेन्द्र धारवे तथा डीएसपी रत्नेश मिश्रा उपस्थित रहे।

आईएसओ कंसल्टेंट योगेंद्र द्विवेदी ने आईएसओ प्रमाणन की प्रक्रिया, उसकी गुणवत्ता और पुलिस विभाग में उसकी उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आईएसओ प्रमाणन से कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और सेवा गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होता है। उन्होंने बताया कि कटनी जिले के 13 थानों एवं 3 पुलिस कार्यालयों को यह सम्मान प्रदान किया गया है। समारोह के दौरान कटनी पुलिस की कार्यप्रणाली एवं उपलब्धियों पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। साथ ही एक विशेष पत्रिका का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया।

### आईजी ने किया निरीक्षण

जबलपुर से कटनी पहुंचने के पूर्व आईजी प्रमोद कुमार वर्मा ने जिले के विभिन्न थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्लीमनाबाद थाना, यातायात थाना, कोतवाली थाना, माधवनगर थाना, कुठला थाना तथा एनकेजे थाना पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थानों में साफ-सफाई, रिकॉर्ड संधारण, जनसुनवाई व्यवस्था तथा नागरिक सुविधाओं का अवलोकन किया। जहां कमियां पाई गईं, वहां संबंधित थाना प्रभारियों को सुधार के निर्देश दिए।

### आईएसओ अवार्ड वाले थाना

जिले के जिन 13 थानों को आईएसओ अवार्ड प्राप्त हुआ उनमें कोतवाली थाना, कुठला थाना, माधवनगर थाना, एनकेजे थाना, स्लीमनाबाद थाना, बहोरीबंद थाना, उमरियापान थाना, ढीमरखेड़ा थाना, बड़वारा थाना, विजयराघवगढ़ थाना, बरही थाना तथा यातायात थाना शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय कटनी, एसडीओपी कार्यालय स्लीमनाबाद तथा एसडीओपी कार्यालय विजयराघवगढ़ को भी आईएसओ सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों में उत्साह का माहौल देखा गया। अधिकारियों ने इसे बेहतर पुलिसिंग और नागरिक सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।



# दूसरे दिन तक 1.65 लाख बच्चों को पिलाई गई दवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पांच साल तक के बच्चों को पोलियो मुक्त रखने के लिए चलाया जा रहा पल्स पोलियो अभियान पूरी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अभियान के मात्र दूसरे दिन तक जिले के 1 लाख 65 हजार बच्चों को 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाई जा चुकी है। समय पर हुई वैक्सीन रीफिलिंगःइस महाअभियान को सफल बनाने में पर्दे के पीछे काम कर रहे कर्मचारियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई की देखरेख में वैक्सीन की रीफिलिंग और उसके सुरक्षित परिवहन का काम युद्ध स्तर पर किया गया। प्रभारी वैक्सीन स्टोर नितिन तपा द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि मौसम के उतार-चढ़ाव के बावजूद वैक्सीन की गुणवत्ता प्रभावित न हो और सभी बूथों तक समय पर ठंडी व सुरक्षित वैक्सीन (कोल्ड चेन मेंटेन करते हुए) पहुँचती रहे।

### घर घर दी गई दस्तक

अभियान के दूसरे दिन सुपरवाइज़र्स, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकर्ताओं ने मैदानी मोर्चे पर कमान संभाली। टीम ने न केवल बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई, बल्कि छूटे हुए बच्चों को चिन्हित करने के लिए घर-घर दस्तक भी दी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि टीम का लक्ष्य जिले के शत-प्रतिशत बच्चों तक पहुँचना है। अधिकारियों ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि कोई भी बच्चा दवा पीने से छूट गया हो, तो उसे नजदीकी केंद्र पर ले जाकर दवा अवश्य पिलवाएं।

# 6-6 सौ हेक्टेयर में स्वीटकार्न व हाइब्रिड मक्के की हुई है खेती, देश-विदेश में निर्यात होता है तेवरी का मक्का

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



देश व विदेशों तक मक्के के लिए अपनी पहचान बना चुका स्लीमनाबाद तहसील की ग्राम पंचायत तेवरी इस बार फिर से मक्के उत्पादन के नाम कमाएगा।इस बार बड़ी संख्या मे किसानों ने मक्के की खेती की है।चूंकि गत वर्ष वर्षा अच्छी होने से किसानों को मक्का उत्पादन मै आमदनी बढ़ी थी!कृषक नारायण प्रसाद कुशवाहा, संतोष जैन,नन्दू कुशवाहा,बैजनाथ काछी ,सरमन काछी ने बताया कि तेवरी मक्का उत्पादक क्षेत्र है।तेवरी से लगे लखनवारा, गुदरी ,नैगवा व बिचुआ ग्रामो मैं बड़ी संख्या मैं कृषक मक्के की बोवनी कर वर्ष भर की आमदनी कर लेते थे।क्षेत्र का मक्का देश सहित विदेशों तक निर्यात होता था जिससे अच्छी आमदनी हो जाती है।

गत वर्ष हाइब्रिड मक्के की बोवनी 500 हैक्टेयर व स्वीटकॉर्न की बोवनी 500 हैक्टेयर पर हुई है जो इस वर्ष हाइब्रिड मक्के की बोवनी 600 हैक्टेयर व स्वीटकार्न की बोवनी 600 हैक्टेयर है।

मक्का उत्पादक कृषको ने बताया कि जुलाई-अगस्त में जब मक्का की फसल पककर तैयार हो जाती है तो राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के किनारे दोनो ओर मक्का की दुकानें सज जाती है जिससे मक्का तो बाहर निर्यात के लिए जाता ही है साथ राहगीर आवागमन के दौरान मक्के का स्वाद लेते है।दो माह मैं प्रत्येक मक्का उत्पादक कृषक लाखो रुपये की आमदनी कर लेता है।जिससे आर्थिक स्थिति परिपक्व हो जाती है। हाल ही में मक्का निकलना शुरू हो गया है ओर फोरलेन मार्ग में दुकाने लगना शुरू हो गई है।

तेवरी क्षेत्र मैं मक्के की हुई बोवनी का निरीक्षण करने शनिवार को कृषि विभाग का अमला खेतो में पहुँचा और मक्का उत्पादक कृषको से चर्चा की जिसमे कृषको ने बताया कि प्रारंभिक अवस्था मे इल्लियों का प्रकोप देखा जा रहा है। इल्लियों से मक्के की फसल को बचाने दवाई छिड़काव के बारे मे जानकारियां दी।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसएडीओ कृषि विभाग बहोरीबंद अमर सिंह एमा का कहना है कि इस वर्ष किसानों ने मक्के की खेती का रकबा बढ़ाया है। तेवरी का मक्का देश सहित विदेशों तक निर्यात होता है।मक्के की फसल कीट व्याधि रोगों से बचाने कृषि अमला कीटनाशक दवाइयों के छिडकाव की सलाह दे रहा है।

## आश्रम परिसर की बावड़ी में कार्यक्रम का आयोजन



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड बहोरीबंद में 25 जून से 30 जून तक बावड़ी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ग्राम राजा सलैया स्थित अग्रवाल आश्रम परिसर की प्राचीन बावड़ी पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने हनुमान जी एवं भगवान शंकर के मंदिर में जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं उत्तम वर्षा की कामना की। आश्रम के राजकुमार अग्रवाल ने उपस्थित जनसमुदाय को बावड़ी के इतिहास से अवगत कराते हुए बताया कि इस बावड़ी के निर्माण में लगभग 16 माह का समय लगा था तथा इसके लिए राजस्थान से कुशल मिस्त्रियों को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने बताया कि उनके पूर्वज चार पीढ़ियों से इस बावड़ी का संरक्षण करते आ रहे हैं और आज भी यह ग्रामीणों को जल उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया गया, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने ध्यानपूर्वक सुना तथा वर्षा जल संरक्षण एवं जल को अधिकाधिक धरातल में पहुंचाने का सामूहिक संकल्प लिया।

# पेयजल सप्लाई की गई सुचारू, गुणवत्ता को परखने 19 स्थलों से एकत्र किये गये नमूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पेयजल आपूर्ति संबंधी समस्या का को दूर करने निगम का जल प्रदाय विभाग 'अलर्ट मोड' में कार्य कर रहा है। कावसजी वार्ड में कम दबाव से पेयजल आपूर्ति संबंधी शिकायत को निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर जल प्रदाय शाखा की टीम द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही कर समस्या का निराकरण किया गया तथा स्थानीय नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराई गई।

मोहर्रम पर्व के दौरान एम्बुलेंस रोड में पानी टंकी से जुड़ी मुख्य पाइपलाइन में अचानक लीकेज की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत मिलते ही जलप्रदाय शाखा की टीम ने स्थल पर पहुंचकर लीकेज चिन्हित किया और मरम्मत कार्य प्रारंभ किया। कार्य के दौरान संबंधित क्षेत्र की सप्लाई बाधित न हो, इसके लिए निगम द्वारा टैंकरों के माध्यम से प्रभावित घरों में पीने का पानी उपलब्ध कराया गया। कुछ ही घंटे के भीतर लीकेज दुरुस्त कर सप्लाई पुनः सामान्य कर दी गई।

फॉरेस्टर वार्ड के कुछ भवनों में पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता संबंधी शिकायत को निगमायुक्त द्वारा तत्काल संज्ञान में लेते हुए जल प्रदाय की टीम को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। जिसके अनुपालन में जल प्रदाय की टीम द्वारा स्थल पर पहुंचकर पेयजल सप्लाई की सड़क के किनारे एवं नालियों के ऊपर से गुजर रहीं पाइपलाइन एवं लीकेज प्वाइंटों की जांच की गई तथा देर शाम तक इस कार्य हेतु जुटी टीम द्वारा संभावित स्थलों में आवश्यक सुधार कार्य भी किया गया।

जल प्रदाय शाखा के अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम द्वारा नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति के मद्देनजर रोजाना नगर के विभिन्न वार्डों में पेयजल के नमूने लिए जाकर उसकी गुणवत्ता का परीक्षण कराया जा रहा है। इसी श्रृंखला में रविवार को भी नगर के विभिन्न 19 स्थलों से पेयजल के नमूने एकत्रित किए जाकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए।

*विभागीय कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिये जवाबदेही एवं नियमित फालोअप के दिये निर्देश*

# वार्डों का भ्रमण कर अवैध निर्माण कार्यों अनाधिकृत मैरिज गार्डनों पर करें कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में शासकीय योजनाओं, विभागीय कार्यों एवं जनहित से जुड़े लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों से संबंधित मामलों के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं आमजन से जुड़े प्रत्येक प्रकरण का गंभीरता के साथ नियमित फॉलोअप करते हुए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक के दौरान निगमायुक्त ने सीएम हेल्पलाइन, महापौर जनसुनवाई, समय सीमा के चिन्हित प्रकरणों, अमृत योजना, पेयजल आपूर्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित शासन की विभिन्न प्राथमिक योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर नागरिकों को समयबद्ध एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा प्रत्येक प्रकरण की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

नगर निगम के माध्यम से संचालित हो रहे ई-के.वाई.सी कार्य की समीक्षा के दौरान नॉन ई-के.वाई.सी प्रकरणों की संख्या बढ़ने के कारणों की जानकारी चाहे जानें पर विभागीय अधिकारी श्री रविशंकर पांडेय द्वारा जानकारी नहीं दे पाने पर निगमायुक्त ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने समग्र आई.डी हेतु नियुक्त आपरेटर की आई.डी से क्या-क्या कार्यवाही की गई है इसकी भी जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश विभागीय अधिकारी को दिए।

निगमायुक्त ने राजस्व शाखा के माध्यम से किये जाने वाले भवन एवं निगम स्वामित्व की दुकानों के नामांतरण प्रकरणों की समीक्षा के दौरान लंबित नामांतरण प्रकरणों पर एक सप्ताह में कार्यवाही करने तथा कार्य सुविधा की दृष्टि से प्रकरणों को ऑनलाइन दर्ज करने तथा अस्सिमेंट के प्रकरणों की जानकारी आगामी टी.एल बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश राजस्व शाखा के अधिकारियों को दिए।

निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी उपयंत्री रोजाना अपनें वार्डो का भ्रमण कर अवैध निर्माण कार्यो, अनुमति विपरीत निर्माण कार्यो,अनाधिकृत मैरिज गार्डन सहित फायर सेफ्टी का पालन नहीं करने वाले संस्थानों कोचिंग सेंटर आदि का चिन्हांकन करें तथा नियमानुसार कार्यवाही कर प्रत्येक टीएल बैठक में अवगत कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने उपयंत्रियों को वार्ड के शेष बचे जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए।

## लंबित शिकायतों एवं राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के दिये निर्देश

# नॉन-अटेंडेड प्रकरणों पर सख्ती, प्राचार्य व सीएमएचओ को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रशासन की मूल जिम्मेदारी नागरिकों को आधारभूत सुविधाएं सहज, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराना है। इसके लिए प्रत्येक अधिकारी को अपने दायित्वों के प्रति संवेदनशील एवं जवाबदेह रहना होगा। कलेक्टर श्री तिवारी ने स्पष्ट किया कि खाद-बीज वितरण, संबल योजना, पेंशन, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन तथा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सेवाएं सीधे आमजन के दैनिक जीवन से जुड़ी हैं। इनका लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। उन्होंने यह निर्देश सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में दिये।

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने नॉन-अटेंडेड प्रकरणों पर कड़ा रुख अपनाते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही वन, खनिज, श्रम, सामाजिक न्याय, पीएचई, सहकारिता एवं आबकारी विभागों को लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को पीएम किसान एवं सीएम किसान योजना से संबंधित लंबित शिकायतों का विश्लेषण एवं निराकरण के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में एएनसी जांच की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए बड़वारा, ढीमरखेड़ा एवं कन्हवारा के बीएमओ को जांच बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित डिलीवरी प्रकरणों को पोर्टल पर शीघ्र अपडेट करने के निर्देश दिए गए, ताकि प्रसूति सहायता योजना के अंतर्गत भुगतान समय पर हो सके। आगामी 14 जुलाई से प्रारंभ होने वाले दस्तक अभियान के तहत डायरिया नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने तथा पीएचई विभाग को जल स्त्रोतों के क्लोरीनीकरण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने जानकारी के साथ उपस्थित न होने पर नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के सब इंजीनियर पर नाराजगी व्यक्त की। वहीं, पॉलिटेक्निक महाविद्यालय कटनी के प्राचार्य की अनुपस्थिति पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

राजस्व प्रकरणों की समीक्षा में नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन कार्यों में तेजी लाने तथा अभिलेख दुरुस्ती के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित समय-सीमा से बाहर आवेदनों पर सख्त रुख अपनाते हुए कलेक्टर ने हिदायत दी कि ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने संबल योजना के पंजीयन एवं अनुग्रह राशि के आवेदनों की निकायवार समीक्षा कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान लाड़ली लक्ष्मी योजना, पोषण पुनर्वास केंद्रों में भर्ती बच्चों तथा कुपोषित (सैम एवं मैम) बच्चों की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

# मानवधिकारों से लोगों को किया जागरूक, प्रमाण पत्र प्रदान कर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह यादव, राष्ट्रीय संयोजिका मालती सिंह यादव, प्रदेश अध्यक्ष संतोष पंवार,प्रदेश सचिव अनीता दुबे, राष्ट्रीय संयोजक प्रेम कुमार वैध एवं उनकी टीम का आगमन रविवार को ग्राम पंचायत अमोच में हुआ जहाँ राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित सदस्य को आईडी कार्ड प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया एवं थाना प्रभारी सुदेश सुमन स्लीमनाबाद को माला पहनकर सम्मानित किया गया और ट्रस्ट के बारे में नवनिर्वाचित सदस्यों एवं ग्रामीण जनों को संस्था के कार्यों की जानकारी दी गई।

जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सभी को पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया!थाना प्रभारी द्वारा उपस्थित सदस्यों एवं ग्रामीण जनों को साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय बताएं और काफी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई !इस अवसर पर कटनी जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जिला सचिव नीतू शर्मा व उनकी टीम के द्वारा पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट टीम से नवल किशोर यादव,शिवकुमार रजक,दिनेश मिश्रा,नितिन उपाध्याय,राहुल हल्दकार,अनिल हल्दकार,अभिषेक काछी,सरपंच नरेश दहायत,जेठू हल्दकार एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

**कार्यालय - कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास भुड़सा**
JSK भुड़सा, जनपद शिक्षा केन्द्र बड़वारा, ZSK कटनी (म.प्र.)

पत्र क्रमांक 67 | दिनांक 29/06/2026

कस्तूरबा गाँधी बालिका छात्रावास भुड़सा में निविदा आमंत्रित की जाती है। 30/6/2026 से 7/7/2026 तक दोपहर 4:00 बजे तक जमा होगी। 8/7/2026 को समय 12:00 बजे छात्रावास प्रबंधन समिति के सामने खोली जाएगी। निविदा पत्र जमा करते समय आवश्यक दस्तावेज की छायाप्रति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र, जी. एस. टी. एवं विगत वर्षो की रिटर्न की प्रति देनी होगी। खाद्यान्न किराना, स्टेशनरी, व्यक्तिगत सामग्री, सब्जी फल हेतु पंजीकृत फर्मो का आवेदन आमंत्रित है।

वार्डन
कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय भुड़सा (समग्र शिक्षा)
विकासखंड- बड़वारा, जिला-कटनी (म.प्र.)

## खबर संक्षेप



### बैठक में समाज के बच्चों को शिक्षित करने का जोर

**सिलौंडी।** सिलौंडी आगमन पर भाजपा प्रदेश संयोजक मछुआरा प्रकोष्ठ श्याम निषाद का स्वागत हुआ। इसके बाद पंचमुखी दरबार में एक पेड़ मां के नाम पर लगाया गया। सिलौंडी नेगाई मांझी समाज के सामाजिक भवन में एक सभा किया गया जिसमें बर्मन मांझी समस्त निषाद वंश समाज से जुड़े लोगों ने अपने अपने विचार में सामाजिक शिक्षा को बढ़ाने पर जोर दिया । प्रदेश संयोजक श्याम निषाद ने समाज के युवाओं को शासकीय योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार कर अपनी आय बढ़ाने की जानकारी दिया साथ ही समरता के साथ सबका साथ सबका विकास की नीति पर कार्य करने की बात कहीं।सरपंच पंचों संतोष बर्मन ने सामाजिक बंधुओ को अपने बच्चों को जरूर शिक्षित करने की बात कहीं।इस दौरान मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी,मंडल उपाध्यक्ष अमित राय, सरपंच पंचों संतोष कुमार, संतोष निषाद , शिकुमार मांझी ,प्रवीण बर्मन ,सहित सकल निषाद समाज के वरिष्ठ युवा जन की उपस्थित रही ।

### मानसिक रूप से अस्वस्थ वृद्ध को पहुंचाया घर

**कटनी।** थाना उमरियापान पुलिस ने एक वृद्ध को सुरक्षित उनके घर पहुंचाया। 90 वर्षीय रामचरण बर्मन, पिता धन्नी बर्मन, निवासी बरौदा, पसीने से लथपथ हालत में लाठी के सहारे पैदल अपने घर की ओर जाते हुए दिखाई दिए। वृद्ध की स्थिति देखकर थाना उमरियापान पुलिस ने संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्हें डायल-112 वाहन में बैठाया तथा जलपान कराया। पुलिस ने वृद्ध से नाम-पता पूछकर उन्हें सुरक्षित उनके घर बरौदा पहुंचाया। घर पहुंचने पर परिजनों से पूछताछ में जानकारी मिली कि वृद्ध पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं और बिना बताए घर से कहीं भी निकल जाते हैं। इस कार्य में थाना प्रभारी महेन्द्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक आशीष झारिया एवं पायलट इन्द्रराज पौराणिक की भूमिका रही।

### झंडा चौक और बस स्टैंड स्थित शौचालयों में अटी पड़ी गंदगी



**उमरियापान।** नगर के मुख्य बाजार स्थित झंडा चौक तथा टोला रोड बस स्टैंड पर बने सार्वजनिक शौचालय इन दिनों बदहाली का शिकार हैं। दोनों शौचालयों में लंबे समय से नियमित सफाई नहीं होने के कारण गंदगी का अंबार लगा हुआ है। शौचालयों से उठ रही तेज दुर्गंध के कारण लोगों का वहां खड़ा होना भी मुश्किल हो रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार और बस स्टैंड जैसे व्यस्त स्थानों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग इन सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग करते हैं। लेकिन सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर लघुशंका के लिए पहुंचने वाले लोग दुर्गंध और गंदगी से परेशान होकर बिना उपयोग किए ही लौटने को मजबूर हो रहे हैं। राहगीरों और व्यापारियों का कहना है कि सार्वजनिक शौचालयों की नियमित साफ-सफाई और रखरखाव की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की है, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण व्यवस्था बदहाल हो गई है। गंदगी के कारण संक्रमण और बीमारियां फैलने का भी खतरा बना हुआ है।

### बाइक चालक ने महिला को मारी टक्कर

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बड़ागांव तिराहा मेन रोड पर एक मोटरसाइकिल चालक ने मुन्नीबाई गोड़ 47 वर्ष, निवासी दुरघटी पिपरिया, स्लीमनाबाद को सामने से सीधी टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मुन्नीबाई को शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने मोटरसाइकिल क्रमांक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर वाहन को कब्जे में लेने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम विलायतकला एवं मझगवां में ट्रकों के बीच हुई सीधी टक्कर

# हाईवे 43 में हुये दो हादसे: ट्रकों के उड़े परखच्चे ड्राइवर का कटा हाथ, सड़क में लगा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में रविवार शाम एवं सोमवार को दो अलग अलग हादसे हुये। दोनो ही हादसे ट्रकों के बीच सीधी टक्कर की वजह से हुये। सोमवार को विलायत कला ग्राम में दो ट्रकों के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में एक ट्रक चालक का हाथ कटकर शरीर से अलग हो गया। उसे प्राथमिक इलाज के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, मुजफ्फरपुर (बिहार) निवासी ट्रक चालक शिवम सिंह अपने ट्रक में सामान लोड कर उमरिया से कटनी की तरफ आ रहा था। इसी दौरान विलायत कला ग्राम में स्थित एक पेट्रोल पंप के पास सामने से कटनी की ओर से जा रहे एक अन्य तेज रफ्तार ट्रक से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि दोनों ट्रकों के अगले हिस्से (केबिन) बुरी तरह पिचक गए।

हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। टक्कर के कारण चालक शिवम सिंह ट्रक के केबिन के मलबे में बुरी तरह फंस गया, जिससे उसका एक हाथ कटकर अलग हो गया। मौके पर जुटे ग्रामीणों और राहगीरों ने भारी मशक्कत के बाद लहूलुहान चालक को केबिन से बाहर निकाला। ग्रामीणों ने एम्बुलेंस का इंतजार करने में समय गंवाने के बजाय तुरंत एक निजी वाहन की व्यवस्था की और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया।

जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने घायल चालक का अत्यधिक खून बहना रोकने के लिए प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हाथ कटने और भारी रक्तस्त्राव के कारण उसकी हालत बेहद चिंताजनक बनी हुई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे तत्काल जबलपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इधर, घटना की सूचना पर पहुंची बड़वारा थाना पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त दोनों ट्रकों को हाईवे से हटवाकर जाम खुलवाया और मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## ट्रकों के अगले हिस्से पिचक गये

बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मझगवां ग्राम बस स्टैंड के पास रविवार शाम करीब 6 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में किसी की जान तो नहीं गई, लेकिन हाईवे पर करीब दो घंटे तक चक्काजाम की स्थिति बनी रही। जानकारी के अनुसार, एक कैप्सूल ट्रक कटनी की तरफ से आ रहा था, जबकि दूसरा कोयले से लदा ट्रक उमरिया की ओर जा रहा था। जैसे ही दोनों ट्रक मझगवां बस स्टैंड के पास पहुंचे, उनमें सीधी टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ट्रकों के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए।

एक्सीडेंट के बाद दोनों ट्रकों के चालक और क्लीनर केबिन के अंदर ही बुरी तरह फंस गए थे। शोर सुनकर दौड़े स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने तुरंत मदद शुरू की और काफी मशक्कत के बाद चारों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसे में चारों को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए पास के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सड़क के ठीक बीचों-बीच क्षतिग्रस्त ट्रकों के खड़े होने के कारण हाईवे पर दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी-लंबी लाइनें लग गईं। जाम को बढ़ता देख प्रशासन ने तुरंत रूट डायवर्ट कर दिया। स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ियों को मझगवां ग्राम पंचायत भवन के सामने वाली गली से निकालकर बिजौरी रास्ते की तरफ भेजा गया। इस डायवर्जन की वजह से ड्राइवरों को हाईवे पर दोबारा आने के लिए करीब 4 किलोमीटर का एक्स्ट्रा चक्कर लगाना पड़ा।

हादसे की खबर मिलते ही बड़वारा थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने क्रेन और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों क्षतिग्रस्त ट्रकों को मुख्य सड़क से हटवाने का काम शुरू किया ताकि यातायात को फिर से चालू किया जा सके। बड़वारा पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है कि एक्सीडेंट आखिर किस वजह से हुआ।

### अब समग्र आईडी से सीधे मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

**कटनी।** मध्य प्रदेश शासन ने नागरिकों को बड़ी सौगात देते हुए हर्ष पोर्टल (होलिस्टिक असेस्मेन्ट ऑफ रिक्वायरमेंट एण्ड सपोर्ट हब) की शुरुआत की है। इस नए एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की व्यक्तिगत, सामाजिक और आर्थिक आवश्यकताओं का सटीक आंकलन करना है, ताकि उन्हें पात्रता के अनुसार सीधे सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा सके। यह पोर्टल डेटा-आधारित विश्लेषण और वैज्ञानिक पद्धति पर काम करेगा। इससे अपात्र लोग बाहर होंगे और जरूरतमंदों तक सीधे लाभ पहुंचेगा। पोर्टल के माध्यम से 13 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार, कौशल विकास और शिक्षा से जुड़ी उपयुक्त योजनाओं का सुझाव दिया जाएगा। अलग-अलग विभागों के चक्कर काटने और जटिल प्रक्रियाओं से मुक्ति मिलेगी। नागरिक, पोर्टल की आधिकारिक वेबसाइट https://www.harsh.mp.gov.in/ पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इसके लिए नागरिकों को अपनी 'समग्र आईडी' का उपयोग करना होगा। मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद ओटीपी सत्यापन के जरिए प्रोफाइल बनाने की प्रक्रिया पूरी होगी।

# कलेक्टर ने किया ईव्हीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी द्वारा त्रैमासिक निरीक्षण के तहत सोमवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन सदन पहुंचकर ईव्हीएम वेयर हाउस (वेयर हाउस खोलकर) स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

## सुरक्षा का लिया जायजा

कलेक्टर श्री तिवारी ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के कार्यों का जायजा लिया तथा संधारित रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों की जांच कर व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईव्हीएम मशीनों के सही रख-रखाव का भी अवलोकन किया। इस दौरान भाजपा प्रतिनिधि सौरभ अग्रवाल और दीपक तिवारी, कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष (शहर) अमित शुक्ला, बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष डीसी राम एवं प्रतिनिधि धनीराम चौधरी, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, सहायक कोषालय अधिकारी जय कुमार बोहत सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### तीन विद्यार्थियों का अग्निवीर में चयन

**स्लीमनाबाद।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत शासकीय बुद्ध सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेवरी के हाल ही में 12वीं उत्तीर्ण मयंक जायसवाल पिता प्रकाश जायसवाल ग्राम खम्हरिया,अनुज जायसवाल पिता विनोद जायसवाल ग्राम खम्हरिया एवं मनीष जायसवाल पिता शिवचरण जायसवाल लखनवारा का अग्निवीर सैनिक के लिए चयन हुआ है। इस उल्लेखनीय सफलता से स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मनोज हल्दकार ने चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये तीनों विद्यार्थी राष्ट्र सेवा के माध्यम से विद्यालय, अपने परिवार तथा क्षेत्र का नाम गौरवान्वित करेंगे।विद्यालय के व्यायाम शिक्षक महेंद्र सिंह तेवरी ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों को नियमित रूप से दौड़, शारीरिक प्रशिक्षण, खेलकूद एवं फिटनेस गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। निरंतर अभ्यास, अनुशासन और खेल भावना के कारण विद्यार्थियों ने अग्निवीर चयन प्रक्रिया में सफलता प्राप्त की है।विद्यालय परिवार ने मयंक जायसवाल, अनुज जायसवाल एवं मनीष जायसवाल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा आशा व्यक्त की कि उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों के अग्निवीर सैनिक के चयन पर शाला परिवार ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### पंच जल कुंड धाम झिरिया में मनाया गया बावड़ी उत्सव



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत पथवारी के पंच जल कुंड धाम झिरिया में बावड़ी उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। नवांकुर संस्था अंचला ग्राम विकास समिति धनवारा व प्रस्फुटन समिति के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में कलश यात्रा निकाली गई एवं गंगा आरती का आयोजन किया गया। ₹जल बचाओ अभियान₹ के तहत संगीत कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने सामूहिक रूप से पर्यावरण एवं जल संरक्षण की शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पथवारी के पूर्व सरपंच फूलगिरी गोस्वामी, वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि अमर राज सिंह ठाकुर, नवांकुर संस्था प्रमुख रघुवीर सिंह उजाला फाऊंडेशन महगवां बरछैका से हरभगत सिंह एवं मानव जीवन विकास समिति बिजोरी से नवांकुर संस्था प्रभारी गुलशन रूहेल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती शुभा गोस्वामी, CMCLDP के छात्र सचिन सिंह चौहान, संजय पाटकर, अपेक्षा भुमिया, खुशबू सिंह, प्रियंका सिंह, नवान्कुर प्रमुख प्रियंका रजक, सिंह, MJVS से राम सखा पाल, वार्ड पंच मीराबाई, रजनी गोस्वामी, जानकी गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीणजन, छात्र-छात्राएं आर्या गोस्वामी, अवधेश गोस्वामी आदि उपस्थित रहे। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष गणेशपुरी गोस्वामी ने सभी से वर्षा जल संचयन एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण की अपील की।

# 4 बदमाशों ने मिलकर एक युवक पर चाकू से किया हमला, वारदात से क्षेत्र में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियां दिनों दिन बढ़ती जा रही हैं। बीती शाम काम से घर लौट रहे एक युवक को चार बदमाशों ने रास्ते में घेरकर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वह जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। रंगनाथ नगर क्षेत्र में पिछले 24 घंटों के भीतर चाकूबाजी की यह दूसरी बड़ी वारदात हुई जिसने पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवक अनुराग दुबे उर्फ भूरा जुलहा रोज की तरह देर शाम जब वह अपना काम खत्म कर घर लौट रहा था, तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उसे रोक लिया। घायल अनुराग दुबे ने आरोप लगाया है कि रास्ते में आयुष गर्ग, आंशू बडगैया और उनके दो अन्य साथियों ने उसे अचानक चारों तरफ से घेर लिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता या मदद के लिए चिल्लाता, चारों आरोपियों ने उसे दबोच लिया और उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से लहूलुहान अनुराग को तत्काल कटनी जिला अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ उसका इलाज जारी है।

रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में स घटना से ठीक एक दिन पहले रविवार की दोपहर मंगलनगर में मामूली कहासुनी में एक 25 वर्षीय युवक की चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। उस हत्याकांड की स्याही अभी सूखी भी नहीं थी कि अपराधियों ने अगले ही दिन अनुराग दुबे पर जानलेवा हमला कर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली। 24 घंटे के भीतर लगातार हुई इन वारदातों से पूरा इलाका दहशत में है। घटना की सूचना मिलते ही रंगनाथ थाना पुलिस मौके पर और अस्पताल पहुँची। पुलिस ने पीड़ित अनुराग दुबे के बयान के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

*कृषि को बनाये लाभ का धंधा जिससे किसान स्वयं हो सशक्त*

# स्लीमनाबाद में खाद गोदाम का लोकार्पण किसानों को लंबी दूरी नहीं करनी पड़ेगी तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



किसानों की जीविका का प्रमुख स्त्रोत खेती ही है खेती के लिए खाद की नितांत आवश्यकता होती है। किसानों को खाद की उपलब्धता सुगमता से हो सके इसके लिए मुख्यमंत्री द्वारा सतत दिशा -निर्देश दिए जा रहे है। सरकार इस वर्ष को किसान कल्याण वर्ष के रूप मै मना रही है। स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र के किसानों को अब खाद के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी ओर न ही परेशान होना पड़ेगा!उन्हें तहसील मुख्यालय से ही सुगमता के साथ खाद की उपलब्धता हो जायेगी।

उक्त बातें सोमवार को विधायक प्रणय पांडेय ने स्लीमनाबाद में खाद गोदाम के लोकार्पण कार्यक्रम में कही। विधायक ने कहा कि स्लीमनाबाद मै पहले से भी नगद खाद केंद्र है ओर खाद्य गोदाम भी संचालित हो गई है जिससे किसानों को खाद की उपलब्धता से सुगमता से हो जायेगी किसान देश की शान है। किसान कल्याण को लेकर केंद्र व राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाए चलाई जा रही है। किसान सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ़े ओर उन्नतशील कृषक बने!किसान खेती को लाभ का धंधा बनाये, खेती से आमदनी दोगुनी करें ओर दूसरों को भी रोजगार प्राप्त करवाए।

गौरतलब है कि किसानों को खाद की उपलब्धता समय से नहीं हो पाती थी। खाद के बहोरीबंद डबल लॉक गोदाम 25 किलोमीटर की दूरी तय कर जानी पड़ती थी ओर व्यापारियों से महंगे दामों पर खरीदना मजबूरी बन जाती थी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व किसानों ने स्लीमनाबाद मै बहोरीबंद जैसे विपणन विभाग की डबल लॉक गोदाम खोले जाने को लेकर मांग की जिस पर विधायक ने स्लीमनाबाद मै खाद्य गोदाम को लेकर प्रशासनिक व शासन स्तर पर पत्राचार किया जिसके बाद स्लीमनाबाद में खाद्य गोदाम को लेकर निर्माण कार्य शुरू हुआ ओर अब खाद गोदाम बनकर तैयार हुई। 1 हजार मिट्रिक टन है क्षमता -जिला विपणन अधिकारी अमन पांडेय ने बताया कि स्लीमनाबाद खाद्य गोदाम की क्षमता 1 हजार मिट्रिक टन है। खाद्य गोदाम से किसान बेहिचक खाद प्राप्त कर सकते है। किसान खाद के लिए ई टोकन बनवाये ओर टोकन लाकर खाद्य गोदाम से खाद्य प्राप्त कर सकते है। सभी प्रकार की खाद की उपलब्धता खाद्य गोदाम है।

### कबीर जयंती पर निकाली गई रैली, मंदिर में भंडारे का हुआ आयोजन

# संत कबीर ने पाखंड से मुक्ति दिलाने एवं सच्चे मानव धर्म की दी शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





संत शिरोमणि सदगुरू कबीर साहेब की जयंती पर सोमवार 29 जून को विविध धामिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित कबीर मंदिर में जयंती मनाने को लेकर व्यापक तैयारियां की गई थी। सोमवार को सुबह से ही मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं, पुरूषों सहित बच्चों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम संत कबीर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ मंदिर परिसर से प्रारंभ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। वार्ड की विभिन्न गलियों से होते हुये रैली बस स्टैण्ड के समीप शिवाजी नगर से होते हुये वापस मंदिर परिसर में आकर समाप्त हुई। तत्पश्चात प्रवचनों का आयोजन किया गया।

## प्रवचनों का आयोजन

ग्राम कछगवां से पधारे संत मूरत साहेब ने उपस्थित लोगों को संत कबीर साहेब का जीवन परिचय, उनके विचारों, उनके द्वारा किये गये कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। संतजी ने बताया कि कबीर साहेब ने समाज को पाखंड से मुक्ति दिलाने और सच्चे मानव धर्म पर चलने की शिक्षा दी। संत कबीर का जीवन उच्च मानवीय मूल्यों का प्रतीक है। प्रवचन के समापन के उपरांत आरती का आयोजन किया गया। महिला मंडल के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। प्रसाद वितरण के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। धार्मिक आयोजन सभी ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया।

आयोजन समिति में मुख्य रूप से सखारामजी कोरी, चम्मूलालजी कोरी, अवधेश दाहिया, आनंद राम कोरी, ऊदल प्रसाद कोरी, शिवकुमार कोरी, सुदामा प्रसाद कोरी, लक्ष्मण कोरी, कल्लू कोरी, सुंदर लाल, विजय कुमार, भैयालाल, अनुज कुमार, किशन लाल, अजय, अनिल कुमार, सुनील कुमार, विनय पटैल सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति भी रही।

# ओवरस्पीड पर दो कार चालकों पर की गई चालानी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

यातायात पुलिस द्वारा ओवर स्पीड वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान तेज रफ्तार से दौड़ रहे दो लक्जरी वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी कमल मौर्य तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना यातायात की टीम ने आधुनिक स्पीड मॉनिटरिंग उपकरणों से वाहनों की निगरानी की।

जांच के दौरान निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करते हुए सफेद रंग की फॉर्च्यूनर एसयूवी क्रमांक एमपी 07 सीजे 6655 एवं एमपी 21 सीबी 3024 सहित लक्जरी वाहनों को चिन्हित किया गया। इनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत चालानी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस के अनुसार ओवर स्पीड सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है। निर्धारित सीमा से अधिक गति पर वाहन चलाने से चालक का नियंत्रण कम हो जाता है, प्रतिक्रिया देने का समय घट जाता है और दुर्घटना की स्थिति में जन-धन की हानि की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों के पालन तक सीमित नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन की सुरक्षा से जुड़ा दायित्व है। यातायात पुलिस का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि लोगों में सुरक्षित और जिम्मेदार वाहन संचालन की आदत विकसित करना भी है।यातायात पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि निर्धारित गति सीमा का पालन करें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें तथा सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग करें।

## खास बातें

### वार्ड 13 के कलेहन रोड की स्ट्रीट लाइटें छह माह से बंद, अंधेरे में गुजारा करने मजबूर लोग

**पवई।** नगर परिषद पवई के वार्ड क्रमांक 13 स्थित कलेहन रोड पर लगी स्ट्रीट लाइटें पिछले लगभग छह माह से बंद पड़ी हैं। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक नगर परिषद द्वारा इनका सुधार नहीं कराया गया है, जिससे रात के समय पूरा मार्ग अंधेरे में डूबा रहता है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि बरसात के मौसम में अंधेरे के कारण दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। रात के समय राहगीरों, दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे के कारण असामाजिक गतिविधियों की आशंका भी बनी रहती है।
रहवासियों ने नगर परिषद पवई से मांग की है कि वार्ड क्रमांक 13 के कलेहन रोड की बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों का तत्काल सुधार कराया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके और किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### मध्यान भोजन बनाने वाले रसोइयों के बीच हुई प्रतियोगिता

**पवई।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनान्तर्गत शासकीय स्कूलों मे अध्ययनरत छात्र छात्राओं को बेहतर पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रसोईयो/माताओ का कुकिंग कम्पटीशन का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पवई द्वारा किया गया है।प्रतियोगिता मे विकासखंड के विभिन्न स्कूलों/ग्रामो के रसोईयो/माताओ को भाग लेने हेतु विकासखंड स्रोत समन्वयक पवई और विकासखंड मिशन प्रबंधक आजीविका मिशन द्वारा अपने अपने माध्यमो से प्रचार प्रसार किया गया इस कार्यक्रम मे मे 32 प्रतिभागियों द्वारा अपने बनाये हुए व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया।खाने की गुणवत्ता का निरिक्षण और मूल्यांकन गठित समिति द्वारा किया गया। शामिल प्रतिभागियों मे से बेस्ट कुक के चयन के प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ (सांत्वना ) श्रेणी मे ग्रेडिंग की गयी। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि मोहिनी आनंद मिश्रा अध्यक्ष जनपद पंचायत पवई उपस्थित रही। साथ पार्षद देवी खटीक और कृष्णा मिश्रा कमलेश तिवारी जनपद सदस्य एवं भागचंद चौरसिया जनपद सदस्य उपस्थित रहे।

### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संगठन की ज्ञापन एवं रैली आज

**पन्ना।** सेवा निवृत्त कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संगठन जिला शाखा पन्ना की अध्यक्षता मे 30 जून को ज्ञापन एवं रैली का आयोजन किया गया है संगठन के अध्यक्ष मुरारी लाल थापक ने बताय की दिनांक 30 जून 2026 को मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिलों में एक रैली आयोजित कर ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम से कलेक्टर पन्ना के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा।

### बिना फिल्टर सप्लाई हो रहा गंदा पानी, सधरू डैम पर उठे सवाल

# पीला और बदबूदार पानी पीने को मजबूर ग्रामीण, स्वास्थ्य संकट गहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

भीषण गर्मी के बीच जहां स्वच्छ पेयजल की सबसे अधिक जरूरत होती है, वहीं जबेरा जनपद के कई गांवों में सधरू डैम से हो रही पानी की सप्लाई ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बिना उचित फिल्ट्रेशन के पीला, गंदा और बदबूदार पानी सीधे घरों तक पहुंचाया जा रहा है।
जनपद पंचायत जबेरा अंतर्गत आने वाले गांवों के लोगों का कहना है कि उन्हें मजबूरी में दूषित पानी का उपयोग करना पड़ रहा है, जिससे जलजनित बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि पीने योग्य पानी के नाम पर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।




#### पानी पीने लायक नहीं

ग्राम बीजाडोगरी निवासी भूपत सिंह लोधी और भगवत सिंह लोधी ने बताया कि सधरू डैम से आने वाला पानी पूरी तरह अनुपयोगी है। पानी का रंग पीला है, उसमें गंदगी साफ दिखाई देती है और बदबू इतनी है कि पीना मुश्किल हो जाता है।

#### ग्रामीणों में आक्रोश

ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जल शोधन व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि यह लापरवाही सीधे लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

#### प्रशासन ने लिया संज्ञान

मामले में एसडीएम तेंदूखेड़ा सी.जी. गोस्वामी ने इसे गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि वे तत्काल पेयजल सप्लाई से जुड़े जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं, ताकि जल शोधन व्यवस्था में सुधार कर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

#### जांच और सुधार की मांग

क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि पानी की गुणवत्ता की जांच कराई जाए और नियमित फिल्ट्रेशन के बाद ही सप्लाई सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित पेयजल मिल सके। सरकारी योजनाएं कागजों में भले ही सफल दिखें, लेकिन जमीनी हकीकत में सधरू डैम से सप्लाई हो रहा दूषित पानी ग्रामीणों की सेहत पर खतरा बनता जा रहा है। अब देखना यह है कि प्रशासन की कार्रवाई कितनी जल्दी धरातल पर नजर आती है।

## नगर परिषद की गलती से वार्ड-1 में पहुंचा गंदा पानीः नर्मदा जल सप्लाई व्यवस्था पर उठे सवाल

**तेंदूखेड़ा।** नगर में नर्मदा जल प्रदाय योजना की अव्यवस्थित जल आपूर्ति से वार्डवासी लगातार परेशान हैं। लोगों का कहना है कि न तो पानी आने का कोई निश्चित समय है और न ही पूरे नगर में व्यवस्थित ढंग से जल सप्लाई की जा रही है। इससे आम नागरिकों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को वार्ड क्रमांक-1 में जल सप्लाई के दौरान उपभोक्ताओं के घरों तक अत्यंत गंदा एवं मटमैला पानी पहुंचा। पानी में गंदगी और कचरा होने के कारण लोगों में भारी नाराजगी देखी गई। वार्डवासियों का कहना है कि यदि इस प्रकार का दूषित पानी लोगों को पीना पड़ेगा तो जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाएगा। नागरिकों ने जल प्रदाय व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की है। इस गंभीर समस्या को लेकर सोमवार को प्रमुखता के साथ समाचार प्रकाशित किया गया। इसके बाद सोमवार को नर्मदा जल योजना, जबलपुर के प्रोजेक्ट मैनेजर तुषार ठाकरे से इस संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा जल लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिए जाने के कारण वार्ड क्रमांक-1 में गंदा पानी पहुंचा था। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह तकनीकी समस्या नगर परिषद की ओर से लाइन टूटने के कारण उत्पन्न हुई थी। तुषार ठाकरे ने आश्वस्त करते हुए कहा कि संबंधित खराबी का सुधार कर लिया गया है और मंगलवार से वार्डवासियों को स्वच्छ एवं साफ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। वहीं, स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा न हो तथा नगर में नियमित समय पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी और स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों का सामना न करना पड़े। भूपेंद्र सिंह उपयंत्री नगर परिषद का कहना है कि वार्ड 01 में फ्लशिंग कार्य नर्मदा लाइन के कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है कल से साफ पानी वहां भी पहुंचेगा।

### छात्रों की जागरूकता देख बच्चों को दी प्रोत्साहन राशि

## सीएमओ ने नावघाट स्कूल में बच्चों से किया संवाद




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार स्कूल चले हम अभियान के द्वितीय चरण की क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग हेतु सोमवार को शासकीय एकीकृत उत्कृष्ट माध्यमिक शाला नावघाट हटा में सोमवार को नगर पालिका अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार खरे ने पहुंचकर कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों से संवाद कर अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने बच्चों से नागरिकों के कर्तव्यों, बिजली की बचत, साफ सफाई एवं स्वच्छता के महत्व, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेज बनवाने की प्रक्रिया सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर देकर और उनकी जिज्ञासा व जागरूकता को देखकर श्री खरे अत्यंत प्रसन्न हुए। कक्षा 8 की छात्रा चंचल अग्रवाल से उन्होंने नगर पालिका के कामकाज पर प्रश्न किया। छात्रा ने नगर पालिका के कार्यों का विस्तार से उल्लेख करते हुए प्रश्न का सटीक उत्तर दिया। छात्रों की प्रतिभा और जागरूकता से खुश होकर सीएमओ सर ने विद्यालय और बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु (स्कूल के सभी छात्रों के लिए) एक हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। इस सम्मान से पूरा विद्यालय गौरवान्वित हुआ। प्रोत्साहन राशि प्राप्त कर बच्चों ने सीएमओ सर का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया और एक अच्छे नागरिक बनने की शपथ ली। इस अवसर पर श्री राजेन्द्र कुमार खरे ने कक्षा छठवीं में नव प्रवेशित छात्रा नंदिनी साहू को निःशुल्क पुस्तकें भी वितरित की।

## शिक्षा साधारण को बना सकती है असाधारणः कलेक्टर

**कलेक्टर ने किया पथरिया स्थित एम.एल.बी. स्कूल एवं मॉडल हाई स्कूल का निरीक्षण**
**छात्राओं से संवाद कर बढ़ाया उत्साह**



**दमोह।** स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आज 29 जून सोमवार को पथरिया स्थित एम.एल.बी. स्कूल एवं मॉडल हाई स्कूल का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने शिक्षा के महत्व, अनुशासन और उज्ज्वल भविष्य को लेकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षाओं का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई और विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी कक्षाओं में टाइम-टेबल अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए।
कलेक्टर श्री यादव ने छात्र-छात्राओं से कहा कि शिक्षा केवल पढ़ने-लिखने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे जीवन में आत्मसात कर व्यवहार में उतारना आवश्यक है। उन्होंने कहा शिक्षा ऐसी अमूल्य संपत्ति है जिसे कोई न तो चुरा सकता है और न ही बाँट सकता है। यही शिक्षा व्यक्ति को आत्मसम्मान दिलाती है और जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है, उन्होंने कहा यदि वे आज कुछ वर्षों तक पूरी लगन और मेहनत से पढ़ाई करेंगे तो आने वाले कई दशक उनका जीवन सुखमय होगा तथा वे परिवार, समाज और देश के लिए उपयोगी नागरिक बन सकेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि पथरिया के विद्यार्थी अपने सपनों को अवश्य साकार करेंगे।

#### पुस्तक वितरण में देरी पर जताई नाराजगी

विद्यालय भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने छात्राओं से पाठ्यपुस्तकों के वितरण की जानकारी ली। छात्राओं ने बताया कि गणित, अर्थशास्त्र और इतिहास विषय की पुस्तकें अभी तक प्राप्त नहीं हुई हैं। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र पुस्तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तथा लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की।

#### विद्यालय परिसर में साफ-सफाई और पुताई के निर्देश

निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की कमी पाए जाने पर कलेक्टर ने प्राचार्य को पूरे परिसर की नियमित सफाई कराने तथा उपलब्ध शाला निधि से भवन की पुताई का कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।

## ताइक्वांडो अकादमी में हुआ बेल्ट प्रमोशन टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

स्थानीय दमोह ताइक्वांडो अकादमी में खिलाड़ियों का बेल्ट प्रमोशन टेस्ट बड़े ही उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस टेस्ट में अकादमी के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन आत्मरक्षा के हुनर और ताइक्वांडो कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। यह महत्वपूर्ण बेल्ट टेस्ट मानव क्रीड़ा एवं कला अकादमी (जबलपुर) के संचालक मास्टर राजकुमार यादव सर द्वारा ऑनलाइन वीडियो के माध्यम से लिया गया। उनके साथ दमोह ताइक्वांडो अकादमी के मास्टर नीरज दुबे ने भी खिलाड़ियों की तकनीकी बारीकियों और उनके प्रदर्शन का कड़ा मूल्यांकन किया। ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम के इस बेहतरीन समन्वय से खिलाड़ियों का परीक्षण पूरी बारीकी के साथ किया गया। इन खिलाड़ियों को मिले नए बेल्ट टेस्ट के बाद सफल खिलाड़ियों के नामों और उनके प्रमोटेड बेल्ट की घोषणा की गई, जो इस प्रकार हैं। रेड से हाई रेड अर्णिका शर्मा हाई ग्रीन सू इंतखाब खान, प्रियांशु रजक ग्रीन से हाई ग्रीन गौरवी जैन, दिव्या सोनी, अनामिका ठाकुरहाई येलो से ग्रीन विराज चेनपुरिया, अमेंद्र चंदपुरिया, उजेर खान येलो से हाई येलो अक्षांश सोनी, खुशबू ठाकुर, व्हाइट से येलो देवांश सोनी, किशन रैकवार, तपस्विनी पटेल सीनियर खिलाड़ियों का रहा विशेष सहयोग इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में अकादमी के सीनियर और ब्लैक बेल्ट खिलाड़ियों का विशेष सहयोग रहा। इनमें आद्रिका दुबे (ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डान), जया रैकवार (ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डान), गुंजन जैन (ब्लैक बेल्ट), समृद्धि रजक (ब्लैक बेल्ट) और ऋतिक पारोचे (ब्लैक बेल्ट) शामिल रहे, जिन्होंने टेस्ट के दौरान व्यवस्थाएं संभालने और जूनियर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने में मदद की। अध्यक्ष ने दीं शुभकामनाएं खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर दमोह ताइक्वांडो अकादमी की अध्यक्ष श्रीमती निधी दुबे ने सभी सफल खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ताइक्वांडो न सिर्फ एक खेल है बल्कि यह आत्मरक्षा और अनुशासन का सबसे बेहतरीन माध्यम है। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



## 30 रुपये के विवाद में हुई हत्या के बाद साप्ताहिक बाजार में क्या सुधरेंगी व्यवस्थाएं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर का साप्ताहिक बाजार मै प्रत्येक मंगलवार को बस स्टैंड से लेकर तारादेही तिराहे तक मुख्य मार्ग पर हाथ ठेले लगाए जाते है, एवं मुख्य मार्ग से जनपद मार्ग में दो पहिया वाहनों को बाहरी लोगों द्वारा अपने बाहनों को पार्किंग किए जाने के कारण जाम की स्थिति रहती है , साथ ही वर्षों से बाजार अव्यवस्थित तरीके से संचालित होने के कारण आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले मंगलवार को दमोह जबलपुर मुख्य मार्ग पर वार्ड क्रमांक 5 निवासी अंकित अहिरवार की मात्र 30 रुपये के विवाद में एक नाबालिग एवं उसके पिता द्वारा चाकूबाजी कर हत्या किए जाने की घटना ने नगर की कानून-व्यवस्था और बाजार प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नगरवासियों का कहना है कि लगभग 60 फीट चौड़ी मुख्य सड़क पर दोनों ओर दुकानें, हाथ ठेले और अतिक्रमण होने से आवागमन के लिए मुश्किल से 10-10 फीट स्थान ही बचता है। बाजार के दिन दमोह जबलपुर से अधिकांश दुकानदार आते हैं जो दुकानों के सामने सामान फैलाकर अतिक्रमण कर लेते हैं। इतना ही नहीं, नगर के दुकानदार अपने सामने हाथ ठेले लगवाकर उनसे 200 से 300 रुपये किराया भी वसूलते हैं, जिससे सड़क और अधिक संकरी हो जाती है। नगर के दुकानदारों की इस अव्यवस्था के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है तथा दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। नगरवासियों ने कई बार राजस्व विभाग, नगर परिषद और पुलिस प्रशासन से बाजार की समुचित व्यवस्था तथा अतिक्रमण हटाने की मांग की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। वर्तमान में नगर परिषद के प्रभारी सीएमओ दमोह की जिम्मेदारी के कारण तेंदूखेड़ा को पर्याप्त समय नहीं दे पा रहे हैं। वहीं प्रशासनिक स्तर पर एसडीएम और एसडीओपी द्वारा व्यवस्था सुधारने के आश्वासन तो दिए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। नगर के कपिल गोटिया गोविंद राय रत्नेश जैन महेश मंगलम विनोद सरैया रंजीत साहू विनोद अहिरवार एवं सोनू राय का कहना है कि मंगलवार को बाजार में ना तो पुलिस रहती है और न ही नगर परिषद का अमला व्यवस्था संभालने के लिए सक्रिय रहता है। नगर वासियो का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी प्रबंधन नहीं किया गया तो भविष्य में और भी गंभीर घटनाएं हो सकती हैं।
नगर का मुख्य मार्ग, जो जनपद पंचायत सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता है तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जुड़ा मार्ग भी है, वहां भी अतिक्रमण की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। कई व्यापारियों द्वारा सड़क किनारे टीनशेड लगाकर तथा सामान बाहर रखकर मार्ग को संकरा कर दिया गया है। इससे वाहन चालकों और राहगीरों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।
नगरवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि साप्ताहिक बाजार की सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, पर्याप्त पुलिस बल एवं नगर परिषद कर्मचारियों की तैनाती की जाए तथा मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाकर आमजन को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो नगर में कानून-व्यवस्था और यातायात की स्थिति और अधिक बिगड़ सकती है। एसडीओपी अर्चना अहीर का कहना है कि आज मंगलवार को साप्ताहिक बाजार की व्यवस्था में सुधार होगा हाथठेले मुख्य सड़क पर नहीं लगेंगे इसके अलावा आप लोगों को स्वयं ही व्यवस्था में सुधार दिखेगा।

### पथरिया में मेडिकल स्टोर्स की हुई सघन जांच

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा दिये गये निर्देशो के तहत 29 जून सोमवार को अनुभागीय अधिकारी पथरिया के निर्देशन में गठित जांच दल के साथ जिसमें औषधि निरीक्षक महिमा जैन, डी.ओ फूड सेफ्टी राकेश अहिरवार, मेडिकल ऑफिसर पथरिया डॉ. अमित जैन ने पथरिया मे संचालित विभिन्न मेडिकल स्टोर्स की जांच की। निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटल के पास स्थित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र बंद पाया गया जिसके लिए उन्हें नोटिस दिया जाएगा। संजय चौराहा स्थित चौधरी मेडिकल एवं संजीवनी मेडिकल स्टोर की जांच की गई। जांच के दौरान आवश्यक वैध ड्रग/फूड लाइसेंस, फार्मासिस्ट की उपस्थिति, शैड्यूल ड्रग्स के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड, साफ सफाई, एक्सपायरी ड्रग्स मैनेजमेंट, प्रतिबंधित दवाओं की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान मेडिकल संचालकों को नियमानुसार मेडिकल संचालन हेतु सख्त निर्देश दिये गए। शेड्यूल H1/NRx केटेगरी की दवाइयां बिना डॉ. के प्रिस्क्रिप्शन के नहीं दिए जाने एवं क्रय-विक्रय का रिकॉर्ड कंप्लीट रखने हेतु निर्देश दिए गए। दवाओं का क्रय विक्रय फार्मासिस्ट की उपस्थिति में ही किया जाना सुनिश्चित किया जाए अन्यथा विभाग द्वारा ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। जांच के दौरान संजीवनी मेडिकल पथरिया से 2 दवाओं के नमूने जांच हेतु लिये गए।

### पंचायतों को मिलेगा 1 लाख का प्रोत्साहन

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मध्यप्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को नई मजबूती देने तथा जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) पंचायत योजना का शुभारंभ किया। योजना के अंतर्गत ऐसी ग्राम पंचायतों को रू.1 लाख की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा, जिनमें एक वर्ष की अवधि के दौरान शून्य मातृ मृत्यु, पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों की शून्य मृत्यु तथा खसरा (मीजल्स) एवं रूबेला के शून्य प्रकरण दर्ज होंगे। यह योजना सुरक्षित मातृत्व, संस्थागत प्रसव, नियमित टीकाकरण, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की समय पर पहचान, बच्चों के बेहतर पोषण तथा ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में समुदाय की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करेगी। योजना के अंतर्गत पात्र ग्राम पंचायतों की जानकारी का संकलन एवं परीक्षण 27 जनवरी 2027 से प्रारंभ किया जाएगा। योजना के संचालन संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश पृथक से जारी किए जाएंगे

### लू लगने से भगवान पड़े बीमार

**पन्ना।** धार्मिक रीति के अनुसार भगवान जगन्नाथ स्वामी को लू लग जाती है और वह 15 दिन के लिए बीमार पड़ जाते हैं इस दौरान मंदिर के सभी कपाट बंद हो जाते हैं तथा उन्हें वैदिक मंत्र उपचार के साथ औषधि जल से स्नान कराया जाता है एवं उनकी भोजन व्यवस्था भी बदल दी जाती है उन्हें प्रतिदिन वेध द्वारा दवा देने की परंपरा निभाई जाती है। यह परंपरा पुरी की तरह पन्ना के जगदीश स्वामी मंदिर में भी सैकड़ो बरसों से जारी है 15 दिन बाद भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा निकलेगी तथा रथ यात्रा पन्ना से जनकपुर पहुंचेगी और उनका वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न होगा। आज कार्यक्रम के दौरान घाट लुटाये गए तथा प्रसाद वितरण किया गया

## पिच्छी विवादः मेनका गांधी को 1 करोड़ का विधिक नोटिस

**दमोह।** पिच्छी को लेकर दिए गए कथित विवादित बयान के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी को जैन समाज की ओर से दमोह के अधिवक्ता अभिषेक कुमार जैन सिंघई ने विधिक नोटिस भेजा है। नोटिस में उनके बयान को असत्य, भ्रामक और जैन धर्म की भावनाओं को आहत करने वाला बताते हुए 15 दिनों के भीतर बिना शर्त बयान वापस लेने तथा राष्ट्रीय मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की गई है। नोटिस में कहा गया है कि जैन मुनियों द्वारा उपयोग की जाने वाली पिच्छी प्राकृतिक रूप से झड़े हुए मोरपंखों से बनाई जाती है तथा जैन धर्म में किसी भी जीव की हत्या पूर्णतः निषिद्ध है। साथ ही मेनका गांधी द्वारा लगाए गए कथित आरोपों को बिना किसी प्रमाण के बताया गया है। मेनका गांधी से मांग की गई है कि वह नोटिस प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर अपना बयान पूरी तरह और बिना शर्त वापस लें, राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्रों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक रूप से लिखित एवं वीडियो संदेश जारी कर माफी मांगें तथा भविष्य में इस प्रकार की टिप्पणी न करने का लिखित आश्वासन दें। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय में मांगें पूरी नहीं होने पर ₹1 करोड़ की मानहानि का दीवानी दावा एवं भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत आपराधिक कार्रवाई की जाएगी। नोटिस दमोह निवासी इंजी. ऋषभ कुमार जैन, कविता जैन और दिलेश चौधरी की ओर से प्रेषित किया गया है

## तहसीलदार ने शिक्षा और करियर पर दिया मागदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



जिला कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशानुसार जिले के समस्त अधिकारियों को स्कूल चले अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों से जनसंवाद स्थापित करने तथा एक पीरियड लेकर उनका मार्गदर्शन करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में तहसीलदार विवेक व्यास ने ग्राम हिनौती सर्रा स्थित शासकीय विद्यालय का भ्रमण कर छात्र-छात्राओं के साथ संवाद किया। तहसीलदार श्री व्यास ने लगभग एक घंटे तक विद्यार्थियों के बीच उपस्थित रहकर उनसे आत्मीय चर्चा की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा उनके विभिन्न प्रश्नों के सरल एवं प्रेरणादायक उत्तर दिए। विद्यार्थियों ने शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, प्रशासनिक सेवाओं, करियर निर्माण, अनुशासन, समय प्रबंधन एवं जीवन में सफलता प्राप्त करने से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका तहसीलदार ने अपने अनुभवों के आधार पर विस्तार से समाधान किया। संवाद के दौरान श्री व्यास ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं कठिन परिश्रम का महत्व बताते हुए लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन में आगे बढ़ने का सबसे सशक्त माध्यम है और प्रत्येक विद्यार्थी को अपने सपनों को साकार करने के लिए पूरी लगन एवं ईमानदारी के साथ अध्ययन करना चाहिए। विद्यार्थियों ने भी खुलकर अपने विचार व्यक्त किए तथा इस संवादात्मक सत्र को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रशासनिक अधिकारियों से सीधे संवाद करने का अवसर मिला, जिससे उनमें आत्मविश्वास का संचार हुआ और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी हुआ। जिला प्रशासन का उद्देश्य ऐसे संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित करना, उनकी शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत जिज्ञासाओं का समाधान करना तथा विद्यालयों में सकारात्मक एवं प्रेरक शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना है। ₹स्कूल चले अभियान₹ के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों में इस प्रकार के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं।

## खास बातें

### एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला तेजस का आयोजन 2 जुलाई को

**दमोह।** भारत सरकार के स्टार्टअप इंडिया DPIIT के सौजन्य से जिला प्रशासन द्वारा 02 जुलाई 2026 दिन गुरूवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला तेजस का आयोजन दमयन्ती पैलेस जबलपुर बाईपास दमोह में किया जा रहा है। इस विशेष कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले के युवाओं, स्थानीय व्यवसायियों, मौजूदा उद्यमियों तथा भावी उद्यमियों को नवाचार और नए स्टार्टअप प्रारंभ करने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा स्टार्टअप इकोसिस्टम, सरकारी योजनाओं, फंडिंग और व्यापार को आगे बढ़ाने से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### मौसम में बदलाव के बाद स्कूलों का समय पूर्ववत

**दमोह।** भीषण गर्मी को देखते हुए जिले में शासकीय विद्यालयों का संचालन प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा था। मौसम में सुधार होने पर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी है। अब जिले के सभी विद्यालय पूर्व निर्धारित समयानुसार संचालित होंगे।

### 105740 बच्चे पोलियो से प्रतिरक्षित, मिली अतिरिक्त खुराक

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के पहले दिवस 105740 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाकर प्रतिरक्षित किया गया। अभियान के अन्तर्गत 29 एवं 30 जून को छूटे हुए बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करने स्वास्थ्य विभाग की टीमें- घर-घर भ्रमण कर, मोबाईल एवं ट्रांजिट टीम के माध्यम से ऐसे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जायेगी जो किसी कारणवश पोलियो रोधी दवा पीने से छूटे गये है। आमजन की सुविधा के लिए बस स्टैंड, रेलवे स्टेगेशन, हाट-बाजार, मेले एवं अन्य आवागमन वाले स्थानों पर टीमें पोलियो की दवा से वंचित बच्चों की पहचान कर पोलियो की दवा पिलाने का कार्य किया जा रहा है।

### स्मार्ट मीटर के उपभोक्ताओं मिली छूट

**दमोह।** कंपनी के आंकड़े अनुसार ऊर्जा विभाग दमोह के अंतर्गत स्मार्ट मीटर वाले विद्युत उपभोक्ताओं को कंपनी के प्रचलित नियमों के तहत विद्युत देयकों में 44.50 लाख की छूट प्राप्त हुई है। प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत उपयोग में स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को उनके विद्युत देयकों में कंपनी द्वारा नियमानुसार 20 प्रतिशत की छूट दी गई है। तद्‌नुसार दमोह वृत्त के कुल 100250 पात्र उपभोक्ताओं को माह जून के विद्युत देयको में कुल रू 44.50 लाख की बचत हुई है। अधीक्षण अभियंता अमित चौहान द्वारा बताया गया कि कंपनी द्वारा पूर्व में स्थापित नार्मल मीटरों में यह सुविधा उपलब्ध नहीं थी, अब स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को कंपनी द्वारा यह सुविधा दी जा रही है। प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली के उपयोग में टेरिफ में छूट दी जा रही है, यह सुविधा प्रत्येक माह स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को नियमानुसार प्राप्त होगी। इसका उद्देश्य है कि विद्युत का सही समय पर उपयोग किया जाये, इससे उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी।

### शादी समारोह से लौट रहे जबलपुर निवासी दंपति की मौके पर मौत, तेजगढ़ थाना क्षेत्र में हुआ हृदयविदारक हादसा

# चलती बाइक पर काल बनकर गिरा आम का विशाल पेड़, पति-पत्नी की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेजगढ़





जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में जबलपुर निवासी दंपति की मौके पर ही मौत हो गई। करौंदी–पड़रिया मार्ग पर कृष्णा पेट्रोलियम के पास सड़क किनारे खड़ा एक विशाल आम का पेड़ अचानक चलती बाइक पर गिर पड़ा, जिससे बाइक सवार पति-पत्नी उसकी चपेट में आ गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आशीष जैन (48 वर्ष) और उनकी पत्नी पिंकी जैन (लगभग 45 वर्ष) एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद बाइक से जबलपुर लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक सड़क किनारे खड़ा आम का पेड़ भरभराकर उनकी बाइक पर गिर गया। हादसा इतना भीषण था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल दमोह भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।

### लगातार दूसरी घटना से उठे सुरक्षा पर सवाल

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र में भी सड़क किनारे जामुन का पेड़ गिरने से एक युवक की जान चली गई थी। लगातार दूसरी ऐसी घटना के बाद सड़क किनारे खड़े जर्जर और जोखिमपूर्ण पेड़ों की अनदेखी पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि परासई, तेजगढ़, करौंदी और हर्रई मार्ग पर कई पुराने एवं खतरनाक पेड़ वर्षों से खड़े हैं। इस संबंध में कई बार शिकायतें और समाचार प्रकाशित होने के बावजूद लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

### जोखिमपूर्ण पेड़ों के सर्वे और हटाने की मांग

हादसे के बाद क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से सड़क किनारे स्थित जर्जर एवं खतरे की स्थिति में खड़े पेड़ों का तत्काल सर्वे कराने तथा उन्हें हटाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई होती तो यह दर्दनाक हादसा टाला जा सकता था।

### पेड़ के तने में कई दिनों से सुलग रही थी आग

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, जिस आम के पेड़ के गिरने से यह हादसा हुआ, उसके तने के नीचे कई दिनों से आग सुलग रही थी। उनका कहना है कि आग की वजह से पेड़ अंदर से कमजोर हो गया था और अचानक सड़क पर गिर पड़ा। हालांकि, इस संबंध में प्रशासन या संबंधित विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

# पथरिया स्वास्थ्य केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

## बंद जन औषधि केंद्र, डॉक्टर मिले अनुपस्थित



**दमोह।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रताप नारायण यादव लगातार अस्पतालों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार, 29 जून को उन्होंने पथरिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एक मरीज ने दवाइयां उपलब्ध नहीं होने की शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने तत्काल ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर से जानकारी ली। बताया गया कि संबंधित दवाएं अस्पताल में उपलब्ध नहीं हैं और जिला मुख्यालय से मांग की गई है। कलेक्टर ने तत्काल सीएमएचओ को आवश्यक दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा जिले के सभी अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में दवाइयों की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कई आवश्यक दवाएं समय पर जिला स्टोर से नहीं मंगाई गईं, जिसके कारण मरीजों को बाहर से दवाइयां खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने अस्पताल परिसर में संचालित जन औषधि केंद्र बंद मिलने पर नाराजगी जताई और ड्रग इंस्पेक्टर को तत्काल निरीक्षण कर केंद्र को शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा यदि वर्तमान संचालक केंद्र नहीं चला रहा है तो इसे किसी अन्य पात्र व्यक्ति को सौंपा जाए, ताकि आम लोगों को सस्ती दरों पर दवाइयां उपलब्ध हो सकें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि डेंटिस्ट अपने निर्धारित कक्ष में बैठकर उपचार करें, जहां दांतों की जांच की समुचित सुविधा उपलब्ध है।

### श्रमिको को दिलाया जायेगा उनका पूरा वेतन

अस्पताल में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा कम वेतन मिलने की शिकायत पर कलेक्टर ने लेबर इंस्पेक्टर को जांच के निर्देश देते हुए कहा कि श्रमिकों को उनका पूरा वेतन दिलाने की कार्रवाई की जाएगी। होने कहा डॉक्टर मेहनत कर रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने के लिए व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार आवश्यक है।

## महाराष्ट्र की पत्थर फैक्ट्री में दमोह के मजदूर की मौत

**बिना पोस्टमार्टम शव गांव भेजने का आरोप, तेंदूखेड़ा पुलिस ने जीरो पर मर्ग कायम कर कराया पोस्टमार्टम, जांच के लिए प्रकरण महाराष्ट्र भेजा**

**तेंदूखेड़ा।** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के देवगढ़ थाना क्षेत्र स्थित एक पत्थर फैक्ट्री में कार्यरत दमोह जिले के ग्राम कोड़ल निवासी मजदूर की काम के दौरान मौत हो गई। आरोप है कि फैक्ट्री प्रबंधन ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही किराए की एंबुलेंस से शव को गांव रवाना कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर तेंदूखेड़ा पुलिस ने जीरो पर मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और जांच के लिए प्रकरण महाराष्ट्र पुलिस को भेजने की कार्रवाई शुरू की है।

जानकारी के अनुसार, तेंदूखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम कोड़ल निवासी सुखदेव पिता बड्डा तेकाम (35 वर्ष) महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के देवगढ़ क्षेत्र में स्थित एक पत्थर फैक्ट्री में मजदूरी करता था। शनिवार को फैक्ट्री में मशीन से पत्थर काटने के दौरान वह मशीन के ऊपर जा गिरा, जिससे उसके गले में गंभीर चोट लगी और अत्यधिक रक्तस्त्राव होने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सुखदेव के साथ काम करने वाले मजदूर राकेश गौड़, देवेंद्र गौड़ और कमलकिशोर गौड़ ने बताया कि हादसे के बाद उन्होंने फैक्ट्री मालिक को तत्काल सूचना दी, लेकिन तब तक सुखदेव की मौत हो चुकी थी। उनका आरोप है कि फैक्ट्री प्रबंधन ने पुलिस की विधिवत प्रक्रिया और पोस्टमार्टम कराए बिना ही किराए की एंबुलेंस की व्यवस्था कर शव को गांव भेज दिया। साथ ही देवगढ़ थाना से एक पत्र दिलवा दिया गया, ताकि रास्ते में कोई परेशानी न हो।

मजदूरों के अनुसार, वे शनिवार रात करीब 9 बजे देवगढ़ से रवाना हुए और लगभग 24 घंटे बाद रविवार रात तेंदूखेड़ा पहुंचे। देर रात होने के कारण परिजनों की सलाह पर शव को तेंदूखेड़ा अस्पताल के फ्रीजर में रखवाया गया। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। शव के साथ आए मजदूरों ने यह भी आरोप लगाया कि फैक्ट्री मालिक ने न तो मृतक के परिजनों को किसी प्रकार की आर्थिक सहायता दी और न ही पोस्टमार्टम की कानूनी प्रक्रिया पूरी कराई।

सोमवार को तेंदूखेड़ा पुलिस ने जीरो पर मर्ग कायम कर पंचनामा तैयार किया और शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद दोपहर में परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद ग्राम कोड़ल में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया।

नगर निरीक्षक रावेंद्र बागरी ने बताया कि मामले में जीरो पर मर्ग कायम कर लिया गया है। महाराष्ट्र पुलिस से संपर्क कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी साझा की गई है। जांच संबंधी समस्त दस्तावेज महाराष्ट्र पुलिस को भेजे जा रहे हैं। आगे की वैधानिक कार्रवाई संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस द्वारा की जाएगी।

## डीएफओ ने पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेरा




समग्र शिक्षा अभियान, जिला दमोह के अंतर्गत कलेक्टर के निर्देशानुसार संचालित 'स्कूल चले अभियान' के तहत शासकीय सीएम राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पटेरा में प्रेरणादायी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) ईश्वर जरांडे ने विद्यार्थियों से संवाद कर शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया। डीएफओ ने बच्चों को वन विभाग की कार्यप्रणाली, वनों के संरक्षण, पेड़-पौधों के महत्व तथा वन्य जीवों की सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और विद्यार्थियों को इस दिशा में जागरूक होकर समाज में सकारात्मक संदेश देना चाहिए। उन्होंने छात्रों को अभी से अपना लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन और अनुशासन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे भविष्य में अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन कर सकें। कार्यक्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) हटा के व्याख्याता विजय बहादुर ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रेरणादायी पुस्तकें भी वितरित की गईं, जिससे उनमें अध्ययन के प्रति रुचि और बढ़े। विद्यालय के प्राचार्य विवेक नेमा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक कमलेश शर्मा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने के साथ-साथ उनमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना और उन्हें जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करना रहा।

### स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही, चार कर्मचारियों का कटेगा वेतन, बीएमओ को नोटिस

**दमोह।** निरीक्षण के दौरान रेडियोग्राफर निकिता अहिरवार तथा नर्सिंग ऑफिसर ऋषि पटेल, संगीता तिलसे और ज्योति बंसल बिना किसी पूर्व सूचना एवं सक्षम अधिकारी की अनुमति के कर्तव्य स्थल से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। उपस्थिति पंजी के अवलोकन में भी संबंधित कर्मचारियों के हस्ताक्षर दर्ज नहीं मिले और उनकी अनुपस्थिति दर्ज की गई। कलेक्टर श्री यादव ने इसे स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित कर्मचारियों का आगामी माह के वेतन से तीन दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्हें तीन दिवस के भीतर बीएमओ के अभिमत सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया में अधीनस्थ कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जतिन दुबे को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## कांग्रेस संगठन समन्वय समिति की बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह




जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये जिला कांग्रेस प्रभारी पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के अर्न्तगत मंडलम अध्यक्षों पूरे जिले के ब्लॉको में पुर्ननियुक्ति की जायें। नये पोलिंग बूथो पर बीएलए 2 की अबिलंब नियुक्ति की जाये साथ ही ग्राम पंचायत/वार्ड कांग्रेस कमेटी की प्रोग्रेसिव रिपोर्ट है उससे भी अवगत करायें। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि आगामी समय में जिले के समस्त मंडलम अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष एवं बूथ स्तर पर कार्य करने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षित किया जायेगा क्योंकि वर्तमान की प्रदेश एवं केन्द्र की सरकारे युवाओं छात्राओ पेपर लीक जमीन घोटाले राम मंदिर में चंदा चोरी चाढ़ावा चोरी को लेकर जमकर आक्रोश है। पूर्व विधायक अजय टंडन, प्रताप सिंह, पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि पार्टी में अनुशासन बेहद जरूरी है जिसके लिये एक कमेटी गठित की जाये। जिससे सोशल मीडिया पर कुछ कांग्रेस कार्यकर्ता कुछ भी लिखने से पहले सोच कर लिखे। संजय चौरसिया, नितिन मिश्रा, परम यादव, प्रदीप पटेल, महेन्द्र प्रताप सिंह, लक्ष्मण सींग, सुषमा विक्रम ठाकुर, विजय बहादुर सिंह, रोहन पाठक, वीरेन्द्र राजपूत, प्रदीप खटीक, प्रदीप पटेल, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, उवेद गौरी, बसंत कुशवाहा, मुकेश रोहितास, अजय जाटव, अभिषेक यादव, दृगपाल सिंह, रियाज खान ने भी कहा कि प्रत्येक विधानसभा पर हमारी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है और जहां शेष है वहां भी मंडलम बीएलए नियुक्ति कर दी जायेगी। इस अवसर पर जबेरा से ओपी शर्मा, राजा खान हिण्डोरिया से एमएस राही, संषोत रजक नोहटा, पथरिया से रत्नेश सोनी, इमलिया घाट से सुनील ठाकुर एवं श्रीकांत पटेल एके चिश्मी सहित समन्वय समिति के सदस्यों की उपस्थिति रहीं।

## पगडंडी से बदतर सड़क से मिली राहत, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**सुरेखा घाट पर 60.59 लाख की सीसी सड़क का निर्माण शुरू, ग्रामीणों ने लगाए घटिया सामग्री उपयोग के गंभीर आरोप**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिग्रामपुर





जनपद पंचायत जबेरा अंतर्गत आदिवासी बहुल पहाड़ी क्षेत्र बोदा मानगढ़ के सुरेखा घाट पर वर्षों से लंबित सीसी सड़क निर्माण कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। करीब 60 लाख 59 हजार रुपये की लागत से बनने वाली लगभग 500 मीटर लंबी इस सड़क का निर्माण कार्य मां चंडी कंस्ट्रक्शन, बटियागढ़ द्वारा कराया जा रहा है। सड़क निर्माण शुरू होने से सुरेखा, देवतरा, झादा सहित आसपास के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है, लेकिन कार्य प्रारंभ होते ही निर्माण की गुणवत्ता को लेकर विवाद भी सामने आ गया है।

### 30 वर्षों से बदहाल था सुरेखा घाट मार्ग

ग्रामीणों के अनुसार सुरेखा घाट मार्ग करीब 30 वर्ष पहले बनाया गया था। समय के साथ सड़क पूरी तरह जर्जर हो गई थी। बड़े-बड़े गड्ढों, उखड़े पत्थरों और खतरनाक ढलानों के कारण लोगों का आवागमन जोखिम भरा हो गया था। बरसात के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते थे, जिससे कई बार मार्ग पूरी तरह बंद हो जाता था। खराब सड़क के कारण 108 एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस जैसी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं भी गांव तक नहीं पहुंच पाती थीं। बीमारों और गर्भवती महिलाओं को चारपाई या खाट के सहारे कई किलोमीटर दूर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता था।

### ग्रामीणों ने लगाए घटिया निर्माण के आरोप

बुद्ध मानगढ़ के ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। ग्रामीण सुरेंद्र सिंह ठाकुर का कहना है कि निर्माण कार्य में घटिया गुणवत्ता की रेत और गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। उनका आरोप है कि जहां सड़क की मोटाई लगभग 11 इंच होनी चाहिए, वहां कई स्थानों पर केवल 4 से 6 इंच मोटाई में ही सीसी डाली जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सड़क के एक हिस्से में ढलान असंतुलित बनाई जा रही है तथा दूसरी ओर ताजा सीसी में दरारें दिखाई देने लगी हैं। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान वाइब्रेटर मशीन का उपयोग नहीं किया जा रहा है, सीसी सड़क की समुचित तराई (क्योरिंग) नहीं की जा रही तथा बिना उचित नाप-तौल और गुणवत्ता परीक्षण के सड़क का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण राजू, विकास, उजियार, लक्ष्मण, धन सिंह, संजय सिंह सहित अन्य लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं किया गया तो वे सड़क निर्माण का विरोध करते हुए आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क क्षेत्र की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार तक पहुंच का प्रमुख माध्यम बनेगी। यदि निर्माण में लापरवाही बरती गई तो कुछ वर्षों में सड़क फिर खराब हो जाएगी और क्षेत्र के लोगों को दोबारा कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। नई सड़क बनने से सिंग्रामपुर, जबेरा और कटंगी जैसे प्रमुख बाजारों तक पहुंच आसान होगी, जिससे ग्रामीण अपने कृषि एवं वन उत्पाद बेहतर दामों पर बेच सकेंगे और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

### अधिकारियों का पक्ष

मामले में एसडीओ शिवाजी गोंड़ से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उंन्होने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया।

वहीं एसडीएम तेंदूखेड़ा सी.जी. गोस्वामी ने बताया कि उन्हें इस संबंध में शिकायत की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में निर्माण कार्य में घटिया सामग्री या गुणवत्ता में अनियमितता पाई जाती है तो नियमानुसार जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## संयुक्त संचालक ने कुम्हारी हायर सेकेंडरी विद्यालय का किया निरीक्षण



**दमोह।** जिले के पटेरा विकासखंड के कुम्हारी हायर सेकेंडरी विद्यालय का निरीक्षण संयुक्त संचालक सागर एसपीएस विसेन ने किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में दर्ज कुल 477 विद्यार्थियों में से मात्र 78 विद्यार्थी उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान कुछ विद्यार्थी ऐसे मिले जिन्होंने अभी तक पुस्तक प्राप्त नहीं की थी। इस पर संयुक्त संचालक द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि 30 जून के पूर्व सभी विद्यार्थियों को पुस्तक उपलब्ध हो जाएं। प्राथमिक शिक्षक लोकेंद्र सिंह राजपूत 8 जून 2026 से निरंतर अनुपस्थित हैं, शेष सभी शिक्षक विद्यालय में उपस्थित मिले, संयुक्त संचालक सागर द्वारा उपस्थिति कम मिलने तथा समय पर पुस्तकों का वितरण न हो पाने के लिए प्राचार्य पर नाराजगी व्यक्त की तथा समय सीमा में पुस्तकों का वितरण, साइकिल वितरण करने तथा उपस्थिति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया।